हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 करोड़ों के निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज...



10 ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में 150...



खबर संक्षेप

जिला मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सांदीपनी, पीएमश्री, उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा के लिए जिला मॉनिटरिंग समिति की बैठक 20 अगस्त 2026 को दोपहर 3:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा सांदीपनी विद्यालयों में अन्य विद्यालयों के मर्ज होने की स्थिति, स्कूलों में उपलब्ध अधोसंरचना, विद्यार्थियों के नामांकन, निर्माण कार्यों, सांदीपनी विद्यालय निर्माण, परिवहन की व्यवस्था एवं अन्य विषयों की समीक्षा करेंगे।

पात्र विद्यार्थी 30 अगस्त कर सकते हैं आवेदन

नर्मदापुरम। आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। जारी निर्देशानुसार वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 के समस्त पात्र विद्यार्थी अब इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से भी जनसुनवाई में की शिकायत

आरोपः राधा-कृष्ण मंदिर से पुजारी को हटाने षड्यंत्र, परिजनों से की अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के वर्षों पुराने मंदिर को लेकर थाने में शिकायत दर्ज की गई। फरियादी ने अभद्रता के आरोप भी लगाए।

शहर के सुभाष चौक स्थित राधाकृष्ण मंदिर में 20 से 30 वर्षों से सेवारत पुजारी के परिवार के साथ गाली-गलौज, महिला से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। उक्त मंदिर के पुजारी लगभग 35 साल से भगवान राधा कृष्ण मंदिर की सेवा कर रहे हैं और पूरे मंदिर का कार्य वही देखते हैं लेकिन आरोप है कि न्यास मंदिर सर्वांकर के ट्रस्टी उन्हें इस मंदिर से हटाना चाहते हैं और नया पुजारी रखना चाहते हैं।

कहा जा रहा कि पुजारी को हटाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सवाल इस बात का है कि जब मंदिर में लगभग 100 एकड़ जमीन रखरखाव और देखने को मेंटेनेंस के लिए है तो फिर मंदिर का निर्माण और जीर्णोद्धार क्यों नहीं किया गया।



आरोपः आरती के समय अभद्रता कर दी धमकी

आरोप है जब पुजारी अपने परिवार पत्नी, पुत्र अभिषेक, भतीजे दिनेश व भाई की पत्नी के साथ आरती की तैयारी कर रहे थे, तभी ट्रस्टी अपने साथियों के साथ पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने अभद्र गालियां दीं, भाई की पत्नी के हाथ से पूजा की थाली छीन ली और पैसे मांगने पर झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी पक्ष के प्रभाव के कारण कोतवाली थाने में उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। शिकायत में बताया गया कि पुजारी पर कुछ असामाजिक तत्वों को मंदिर परिसर के अंदर भेज कर गाली गलौज करना डराना धमकाना किया गया है।

मंदिर के नाम पर जमीन बेची और खरीदी!

जानकारी के अनुसार मंदिर में लगी जमीन में से कुछ जमीन बेच दी गई है और उसकी जगह मंदिर के लिए जमीन खरीदी भी गई है। लोगों का कहना है यदि इस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जाए तो बड़ा सामने खुलासा आ सकता है। इसके साथ ही हाल में ही राधा कृष्ण मंदिर में ट्रस्टी ने अपने नाम से मीटर लगवाया है। इससे पहले दो-तीन साल से मंदिर के पुजारी के नाम से ही मीटर लगा था। आरोप है पुजारी और उनके परिवार को ट्रस्टी और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर के अंदर जाकर डराया धमकाया। इसको लेकर पुजारी सुरेश शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और कलेक्टर सोमेश मिश्रा से शिकायत की। उन्होंने मंदिर के ट्रस्टी और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत प्राप्त हुई है, जांच के आदेश दिए

इस मामले में शिकायत प्राप्त हुई थी। हमने थाना प्रभारी कोतवाली को जांच करने की बात कही है। साथ ही कोई उन्हें परेशान ना करे इसकी भी जांच हो और जो भी मामला सामने आता है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक राजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम

पेटीएम बंद करने के नाम पर खाते से उड़ाए 58 हजार 5 सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

साइबर अपराधियों ने इटारसी के आवाम नगर इलाके में एक युवक को अपना शिकार बनाया है। पेटीएम अकाउंट बंद करने का झांसा देकर एक अज्ञात ठग ने युवक के बैंक खाते से 58,500 रुपये पार कर दिए। फरियादी की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी मोहम्मद आरिफ 26 वर्ष, पिता शेख चांद, पानी की फैक्ट्री के पास, अवाम नगर, इटारसी के अनुसार, 12 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति ने मोहम्मद आरिफ से संपर्क किया और उनका पेटीएम अकाउंट बंद करने का बहाना बनाया। इस प्रक्रिया में उलझाकर आरोपी ने धोखे से आरिफ के बैंक खाते से 58,500 रुपये की अवैध निकासी कर ली। ठगी का अहसास होने पर फरियादी ने 18 अगस्त को थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इटारसी पुलिस ने फरियादी की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस अब बैंक ट्रांजैक्शन की डिटेल्स ओर जिस नंबर से संपर्क किया गया था, उसकी साइबर सेल के माध्यम से जांच कर रही है ताकि अज्ञात आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी या कोई भी लिंक किसी के साथ साझा न करें। बैंक या पेटीएम कभी भी फोन पर अकाउंट बंद करने की धमकी देकर जानकारी नहीं मांगते हैं।

महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज पर्व



इटारसी। श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि उत्सव की शुरुआत मां गौरी के विधिवत पूजन-अर्चन से हुई, जिसके बाद सभी सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में संरक्षक भारती मालवीय, ममता मालवीय, प्रभा मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता संदीप मालवीय, काजल मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

विनोद मालवीय की पदोन्नति पर साथियों ने किया स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र शासन द्वारा सभी विभागों में पदोन्नति की जा रही है। इसी सिलसिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मण्डल में पदस्थ विनोद कुमार मालवीय को पदोन्नत कर सहायक ग्रेड-2 बनाया गया है। विदित हो की श्री मालवीय पिछले 38 वर्षों से अधिक समय से विभाग अपनी सेवाएं दे रहें। उनकी इस सफलता पर कार्यालय साथियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

महादेवी मंदिर तोड़ने की आशंका से श्रद्धालुओं में आक्रोश, कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के वार्ड 30 स्थित ग्वालटोली के श्रीवास मोहल्ले में लगभग सात पीढ़ियों से आस्था का केंद्र रहे महादेवी मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। श्रद्धालुओं और रहवासियों का कहना है कि मंदिर में स्थापित महादेवी की मूर्ति सिद्ध एवं प्राचीन मानी जाती है और क्षेत्र के लोगों की धार्मिक आस्था इससे गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में मंदिर को तोड़े जाने या हटाए जाने की चर्चा से लोगों में नाराजगी है। मंदिर लंबे समय से मोहल्ले की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। पीढ़ियों से यहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि उनकी आस्था, परंपरा और धार्मिक विरासत का हिस्सा है। मंदिर को लेकर स्थानीय पार्षद सहित कुछ



लोगों द्वारा इसे तोड़ने या हटवाने का प्रयास किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इसे लेकर क्षेत्र के लोगों और विभिन्न संगठनों ने विरोध दर्ज कराया है।

शिकायत कलेक्टर से करते हुए मंदिर को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाए जाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि सात पीढ़ियों से पूजित मंदिर को हटाने या तोड़ने की कोशिश से क्षेत्र के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

प्रतिबंध के बावजूद होता रेत उत्खनन और परिवहन, माइनिंग अधिकारी ने पकड़े वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मानसून में रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक के बावजूद धड़ल्ले से रेत कारोबार जारी है। इस स्थिति पर नर्मदापुरम खनिज अधिकारी ने कार्रवाई की है। सोहागपुर पुलिस के प्रेस नोट अनुसार खनिज अधिकारी नर्मदापुरम के प्रतिवेदन पर रेत भरे दो ट्रैक्टर ट्राली के चालकों एवं मालिकों पर अवैध रेत चोरी व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। एएसआई




गणेश राय के अनुसार मामले विवेचना में लिए गए हैं। राय के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 05 एजी 7003 चालक नासिर खान सुभाष वार्ड सोहागपुर व मालिक इस्लाम खान निवासी गांधी वार्ड सोहागपुर एवं बिना नंबर के दूसरे ट्रैक्टर एवं ट्राली के अज्ञात चालक एवं मालिक द्वारा मानसून अवधि में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करना पाया गया। दोनों प्रकरणों में धारा 303(2) बीएनएस एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा तीन के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं। वहीं बुधवार को खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम ने डंफर एमपी 04 एचई 5344 को खनिज मुरम के अवैध परिवहन करते पकड़ा तथा सोहागपुर थाने में सुरक्षा हेतु खड़ा कराया गया है।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने 2 साल से अस्पताल के चक्कर काट रहा 6 वर्षीय बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करने वाला एक मामला सामने आया है। छह वर्षीय मूक-बधिर बालक कार्तिक अहिरवार का दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए उसके पिता रामकृष्ण अहिरवार पिछले दो वर्षों से जिला चिकित्सालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक बच्चे का दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं बन सका है। रामकृष्ण अनुसूचित जनजाति से आते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीबी रेखा के परिवार से हैं।



कार्तिक की मां नहीं है पिताजी ही उनका पालन पोषण करते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वे लगातार प्रमाण-पत्र बनवाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें एक डॉक्टर से दूसरे डॉक्टर के पास भेज दिया जाता है। रामकृष्ण ने बताया आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कई बार संपर्क किया। उन्हें भोपाल में जांच होने की बात कहकर वहां जाने के लिए कहा जाता है। दो साल से समाधान नहीं मिला। रामकृष्ण क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा का पत्र लेकर भी जिला चिकित्सालय पहुंचे थे। उनका आरोप है कि पत्र दिखाने के बाद भी चिकित्सकों की ओर से उन्हें यह कहकर वापस कर दिया गया कि प्रमाण-पत्र तो चिकित्सकों को ही बनाना है और अब भोपाल जाकर जांच कराने की बात कही गई। जांच यहां नहीं होती। इस मामले में जब सीएमएचओ ऑफिस से संपर्क किया तो वहां के कर्मचारियों ने बताया कि पुनर्वास केंद्र जाने का बोला था। कर्मचारियों ने बताया कि कान और मुंह की जांच यहां नहीं होती है। उनका कहना है कि सिविल सर्जन के ऑफिस में भी उन्हें भेजा गया था। कर्मचारियों को कहना है कि भोपाल में उन्हें कहां जाना है अब उन्हें बताएंगे और आगे की कार्रवाई करेंगे।

बिजली बकायादारों पर सख्त कार्रवाई, 105 कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बिजली कंपनी ने आज बकायेदारों और बिजली चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। विभाग ने कुल 15.24 लाख रुपये की बकाया राशि जमा न करने वाले 105 उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काट दी है।

इसके साथ ही, निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए 9 लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135/138 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बिजली विभाग ने सभी आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे लाइन विच्छेदन जैसी दंडात्मक कार्रवाई और असुविधा से बचने के



लिए अपने बिजली बिलों का भुगतान समय पर करें।

सड़कों के सुधार और बेहतर ड्रेनेज पर विशेष जोर नपा अध्यक्ष बोले- जल्दी ही दिखेगा बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बरसाती पानी की निकासी न होने से जलभराव की समस्या झेल रहे जाटव मोहल्ले के रहवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शहर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित जाटव मोहल्ले में झंडा चौक से कावेरी स्टेट कॉलोनी तक मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत लगभग 8 लाख रुपये की लागत से 200 मीटर लंबी पक्की नाली का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नपा की तकनीकी टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी और विभागीय इंजीनियर को कड़े निर्देश दिए। नाली का फ्लो बिल्कुल सटीक रखा जाए, ताकि भारी बारिश के दौरान भी पानी सड़कों पर रुकने के बजाय सुचारू रूप से निकल सके। निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता की सामग्री के साथ पूरा किया जाए। विभागीय इंजीनियर निर्माण स्थल की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।

शहर के समग्र विकास का विजन साझा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका का पूरा ध्यान नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने पर है।

समस्याओं के निराकरण को लेकर नपा की सक्रियता जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के नेतृत्व में इटारसी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के साथ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव नगर पालिका टीम एवं कर्मचारियों के साथ वार्डों में पहुंचीं और सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करवाया। वहीं, स्वच्छता शाखा द्वारा पोस्ट ऑफिस वाली लाइन एवं जयस्तंभ चौक बाजार क्षेत्र में गंदगी करने वाले 3 दुकानदारों पर कुल 2,500 की चालानी कार्रवाई की गई। दुकानदारों को समझाइश दी गई।

अग्रवाल महिला शक्ति ने किया कार्यक्रम

राणी सती दादी के संगीतमय मंगल पाठ का हुआ भव्य आयोजन, सजाया दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अग्रवाल महिला मंडल इटारसी द्वारा साई कृष्ण रिसोर्ट में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा राणी सती दादी जी के संगीतमय मंगल पाठ का विभिन्न झांकियों के साथ भव्य आयोजन किया गया। पाठ की सुमधुर वाणी में संगीतमय सरस प्रस्तुति डॉ. हेमा संदेश पुरोहित के द्वारा की गई।

इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा दादी का खूबसूरत दरबार सजाया गया था। साथ ही जन्मोत्सव, गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव, परिण्योत्सव की दिव्य अद्भभुत झांकियां भी नृत्य,संगीत के साथ प्रस्तुत की गई। मंडल अध्यक्ष शोभा दिलीप अग्रवाल, सचिव वर्षा दीपक अग्रवाल के साथ मंडल की सभी महिलाओं की सामूहिक भागीदारी रही। संपूर्ण मारवाड़ी समाज की तकरीबन दो सौ महिलाओ ने सामूहिक पाठ सस्वर किया।

पाठ के उपरांत आरती हुई फिर मंडल द्वारा सुहाग सामग्री और प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात सभी को भोजन प्रसादी भी करायी गई। अध्यक्ष शोभा अग्रवाल ने बताया कि मंडल प्रति वर्ष ऐसे धार्मिक आयोजन करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

नपा परिसर में थूकने पर 200 रुपए का जुर्माना



नर्मदापुरम। नगरपालिका द्वारा नगर के समस्त वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते नागरिकों को समझाइश देने के साथ ही जुर्माना भी किया जा रहा है। बुधवार को नगरपालिका परिसर में शेख शफीक द्वारा थूकने पर 200 रुपए जुर्माना किया गया है। साथ ही दोबारा ऐसा नहीं करने की समझाइश भी दी गई। स्वच्छता निरीक्षक नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना किया जा रहा है साथ ही समझाइश भी दी जा रही है।

गीतकार बालकृष्ण जोशी को निर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित गीतकार बालकृष्ण जोशी विपिन का 65वां निर्वाण दिवस सादगी और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गांधी वाचनालय स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आंखों से याद किया। समिति के अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट ने स्व. जोशी के जीवन और उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कम उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह देने वाले विपिन जीवन पर्यन्त इटारसी में ही रहे और अपनी लेखनी से साहित्य को समृद्ध किया। बड़वानी में जन्मे विपिन ने खंडवा में माखनलाल चतुर्वेदी के पत्र कर्मवीर में सहायक संपादक के रूप में कार्य किया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुकुमार पगारे के साथ इटारसी आए और उनके समाचार पत्र जनशक्ति में काम किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. करण सिंह तोमर के पत्र जन संघर्ष में भी अपनी सेवाएं दीं।

खबर संक्षेप

खाद्य विभाग ने मुलताई में डेयरी से लिए खोया और दूध के नमूने

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध से बने उत्पादों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 19 अगस्त को खाद्य औषधि प्रशासन के दल द्वारा मुलताई शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ की जांच की गई। साथ ही खाद्य कारोबारी को राज्य शासन द्वारा एनालॉग डेयरी प्रोडक्ट्स को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम डहुआ स्थित दूध गंगा डेयरी का निरीक्षण कर खोया और दूध के 4 नमूने जांच हेतु लिये गये। वहीं दुनावा स्थित रामचन्द सुपर मार्केट का निरीक्षण किया गया एवं गौतम उघड़े द्वारा संचालित डेयरी का निरीक्षण कर सभी नमूने जांच के लिए विधिवत राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारी को प्रतिष्ठान में स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। लिए गए नमूनो की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

ससुन्द्रा में 21 अगस्त को आयोजित होगा शिविर

बैतूल। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 7 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक चयनित क्लस्टरों एवं नगरीय निकायों में प्रत्येक शुक्रवार विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

चौथी रेल लाइन और ड्राइंग संबंधी औपचारिकताओं के चलते पहले निर्माण में आई थी देरी

करोड़ों के निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की गुणवत्ता पर सवाल, जगह-जगह दिखीं दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर में बोरदेही रोड पर लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। इस ओवरब्रिज का निर्माण खेड़ली बाजार मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले यातायात जाम से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। हालांकि, निर्माण कार्य के दौरान ही कुछ हिस्सों में दिखाई दे रही दरारों को लेकर नगरवासियों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस महत्वपूर्ण ओवरब्रिज के निर्माण में यदि शुरुआती चरण में ही दरारें दिखाई देने लगी हैं तो निर्माण की गुणवत्ता और भविष्य में इसकी मजबूती को लेकर तकनीकी जांच आवश्यक है। लोगों ने संबंधित विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण स्थल का निरीक्षण कराने की मांग की है।

लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा ओवरब्रिज निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल



निर्माणाधीन हिस्सों में दिखाई दे रहीं दरारें- नगरवासियों के अनुसार, ओवरब्रिज के निर्माणाधीन कुछ हिस्सों में अभी से दरारें दिखाई दे रही हैं। हालांकि इन दरारों की वास्तविक वजह क्या है, यह तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ऐसे में लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम मौके पर भेजनी चाहिए। लोगों ने निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, निर्धारित तकनीकी मानकों और निर्माण प्रक्रिया की भी जांच कराने की मांग की है, ताकि किसी प्रकार की कमी होने पर उसे समय रहते दूर किया जा सके।

लोहे की सलाखों को लेकर भी उठे सवाल- ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के बीच लोहे की सलाखों के इस्तेमाल को लेकर भी चर्चा है। लोगों का कहना है कि निर्माण के एक हिस्से में दोहरी लोहे की सलाखें दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरे हिस्से में सिंगल सलाखें नजर आ रही हैं। इससे लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि अलग-अलग हिस्सों में सरियों का यह अंतर स्वीकृत तकनीकी डिजाइन के अनुसार है अथवा निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता है। हालांकि, सरियों की संख्या और उनकी व्यवस्था का निर्धारण संबंधित संरचना की डिजाइन, लोड क्षमता, स्पैन और इंजीनियरिंग मानकों के आधार पर किया जाता है। इसलिए केवल दिखाई देने वाली सरियों के आधार पर निर्माण की गुणवत्ता पर अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। इसके लिए विभागीय तकनीकी अधिकारियों अथवा स्वतंत्र विशेषज्ञों से जांच कराया जाना आवश्यक है।

चौथी रेल लाइन के कारण प्रभावित हुआ था निर्माण कार्य- मुलताई में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य खेड़ली बाजार मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे क्रॉसिंग तथा बढ़ते यातायात के कारण लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाना है। हालांकि चौथी रेल लाइन के विस्तार और ओवरब्रिज की ड्राइंग से संबंधित तकनीकी एवं औपचारिक प्रक्रियाओं के कारण निर्माण कार्य निर्धारित गति से आगे नहीं बढ़ पाया था। अब निर्माण कार्य में तेजी आने के बाद लोगों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं कि जल्द ही यह महत्वपूर्ण परियोजना पूर्ण होकर नगर की यातायात व्यवस्था को राहत प्रदान करेगी।

यातायात जाम से मिलेगी राहत

ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद खेड़ली बाजार, बोरदेही रोड और रेलवे क्रॉसिंग के आसपास यातायात व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है। रेलवे फाटक बंद होने के दौरान वाहनों की लंबी कतारें लगने से आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्रह्वच्च बनने के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर निर्भरता कम होने से आवागमन सुगम होने की संभावना है।

निर्माण पूरा होने से पहले गुणवत्ता जांच की मांग

नगरवासियों ने संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान ही गुणवत्ता की नियमित तकनीकी जांच कराई जाए। विशेष रूप से दिखाई दे रही दरारों की वजह, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कंक्रीट की मजबूती, सरियों की गुणवत्ता एवं उनकी निर्धारित तकनीकी डिजाइन के अनुसार स्थिति की जांच की जाए। लोगों का कहना है कि यह मुलताई के लिए महत्वपूर्ण और करोड़ों रुपये की लागत वाली परियोजना है। इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। यदि निर्माण में कोई तकनीकी कमी है तो उसे समय रहते दूर किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ओवरब्रिज की मजबूती और सुरक्षा को लेकर कोई समस्या उत्पन्न न हो। अब देखना होगा कि निर्माणाधीन ओवरब्रिज में दिखाई दे रही दरारों और सरियों के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा क्या तकनीकी जांच कराई जाती है और निर्माण एजेंसी की ओर से गुणवत्ता संबंधी उठ रहे सवालों पर क्या स्थिति स्पष्ट की जाती है। हमने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुनील सोलंकी से फोन पर चर्चा करने का प्रयास किया किंतु हमेशा की तरह उन्होंने फोन नहीं उठाया लोक निर्माण एचडी वजह से महत्वपूर्ण पद पर बैठे लोग कितने गंभीर है इसका अनुमान स्वयं लगाया जा सकता है।

कोई जानकारी नहीं

ओवर ब्रिज निर्माण के काम रेलवे विभाग से कोई लेना देना नहीं है रेलवे विभाग इसकी मॉनिटरिंग नहीं करता है इसके मॉनिटरिंग की जवाब देही किसकी है इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

हिमांशु कुमार स्टेशन मास्टर मुलताई

बैतूल से बेंगलुरु के लिए सीधी रेल सुविधा



बैतूल। रेलवे ने बैतूल के यात्रियों को बड़ी सुविधा देते हुए लालकुआ जंक्शन से केएसआर बेंगलुरु सिटी के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन को साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित कर दिया है। ट्रेन संख्या 15302/15301 का नियमित संचालन सितंबर से शुरू होगा। ट्रेन का बैतूल स्टेशन पर महत्वपूर्ण ठहराव रहेगा। ट्रेन संख्या 15302 लालकुआ-बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को लालकुआ जंक्शन से शाम 5.45 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन दोपहर 2.30 बजे नागपुर पहुंचेगी और 2.35 बजे आगे के लिए रवाना होगी। सोमवार दोपहर 3.25 बजे ट्रेन केएसआर बेंगलुरु सिटी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 15301 बेंगलुरु-लालकुआ साप्ताहिक एक्सप्रेस 22 सितंबर से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 7.15 बजे बेंगलुरु से चलेगी। ट्रेन बुधवार सुबह 6.45 बजे नागपुर पहुंचेगी और 6.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार सुबह 9.05 बजे लालकुआ पहुंचेगी। नागपुर मंडल में ट्रेन का ठहराव बैतूल के अलावा नागपुर, चंद्रपुर और बल्लारशाह में रहेगा। ट्रेन इटारसी, बैतूल, नागपुर, विजयवाड़ा, रेणिगुंटा, काटपाड़ी, जोलारपेट्टई, बंगारपेट और कृष्णराजपुरम समेत कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। शुरुआती चरण में कुछ तारीखों पर ट्रेन का संचालन नहीं होगा। लालकुआ से 26 सितंबर, 3 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को तथा बेंगलुरु से 29 सितंबर, 6 अक्टूबर और 13 अक्टूबर को ट्रेन नहीं चलेगी।

जादू के लिए भालू का शिकार कर पंजे काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

वन्य प्राणी भालू का शिकार करने के करीब 18 साल पुराने मामले में अदालत ने चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुरेश यादव की अदालत ने प्रत्येक आरोपी को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 40-40 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में प्रीतिश मंडल निवासी झोली नंबर-2, रमेन उर्फ चंकी बाईन और राहुल बंगाली निवासी बटकीडोह तथा वासु गोलदार निवासी निश्चिंतपुर शामिल हैं। मामला वन परिक्षेत्र सारणी (सामान्य) के हीरापुर बीट के जंगल का है। वन विभाग के अनुसार घटना 14 दिसंबर 2008 की है। वन अमला गश्त के दौरान हीरापुर बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-289 में पहुंचा था। यहां सीमा रेखा के पास एक नाले में मृत भालू मिला था। उसका एक पंजा कटा हुआ था, जबकि दूसरे पंजे के नाखून गायब थे। प्रथम दृष्टया शिकार का मामला सामने आने पर वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई और मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने जंगल के नाले में खूंटी और जीआई तार के जरिए बिजली का करंट फैलाने की बात स्वीकार की। करंट की चपेट में आने से भालू की मौत हो गई थी। आरोपियों की निशानदेही पर वन अमले ने जीआई तार, विद्युत तार, लकड़ी की खूंटी, भालू के नाखून और बाल बरामद किए। वैज्ञानिक जांच में जब्त अंगों के भालू के होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों ने भालू का शिकार जादू के उद्देश्य से करने की बात बताई थी।

कानूनी कार्रवाई में वन अधिकारियों की भूमिका

तत्कालीन रेंज ऑफिसर विजय बारस्कर और वन अमले ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ मृत भालू के अंग बरामद किए थे। वहीं, इस मामले की अदालती कार्यवाही में वन संरक्षक मधु वी. राज, डीएफओ नवीन गर्ग और रेंजर शरदेंदु नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले का एक सहअभियुक्त कालू उर्फ सुभाष पिता खिरात बढ़ाई निवासी नूतनडंगा, घोड़ाडोंगरी अभी फरार है। उसके फरार होने के कारण उसके खिलाफ अदालत से फिलहाल निर्णय पारित नहीं हुआ है। मामले में शासन की ओर से अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह और अभयदीप सिंह ठाकुर ने पैरवी की। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच व अभियोजन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत पत्रकारवार्ता संपन्न

संत रविदास जी के विचार जन-जन तक पहुंचाना अभियान का उद्देश्यः डा. पंडाग्रे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के 650 वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के निमित्त पत्रकारवार्ता का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित किया गया पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता एवं आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रारंभ किया जा रहा समरसता संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का व्यापक आंदोलन है।

यह अभियान गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर संत रविदास जी की जयंती तक सात माह तक चलेगा। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान के तहत संत रविदास जी के विचारो को जन जन तक मंडल और गांव के रास्ते लेकर जाएंगे। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज ने अपने समय में समाज में व्याप्त कटुता और भेदभाव को समाप्त कर समरसता, समानता, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया था। संत रविदास जी ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का मार्ग दिखाया। हम सभी का दायित्व है कि उनके विचारों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन और सामाजिक व्यवहार में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता को निरंतर बढावा देती है। पार्टी की मूल भावना ही समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को सम्मान एवं अवसर देने की है। भाजपा कार्यकर्ता संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए जनता की सेवा और राष्ट्र के परम वैभव के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत गुरुपूर्णिमा से और समापन भी गुरु के स्मरण के साथ होना संत रविदास जी की महान संत परंपरा के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाता है। श्री पवांर ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर संत रविदास जी के समरसता के विचारों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को जाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता तथा समानता के आधार पर एकजुट होने का मार्ग दिखाया। आज जब देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तब सामाजिक एकता और समरसता उसकी सबसे बडी शक्ति है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि जब समाज एकजुट और समरस होगा, तभी राष्ट्र मजबूत होगा। इसलिए भाजपा केवल राजनीतिक संगठन के रूप में नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने वाले संगठन के रूप में कार्य कर रही है। श्री पंवार ने बताया कि जिला मुख्यालय से कलश वितरण के बाद मंदिरों में विधि-विधान से कलश स्थापित कर पूजन, भजन एवं संत रविदास जी के जीवन और विचारों से जुडे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अगले चरण में छात्रावास संपर्क अभियान के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रावासों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में युवाओं के बीच संत रविदास जी के जीवन और विचारों को पहुंचाया जाएगा कि अभियान के अंतर्गत संत संपर्क, कलश वंदन, छात्रावास संपर्क और समरसता यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। पत्रकारवार्ता के दौरान मंच पर अभियान के जिला टोली के सदस्य जगदीश पंवार , किशोर बरदे, जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी मंचासीन रहे।

सतलोक आश्रम उड़दन के सहयोग से बन रहे स्कूल में कमरे

सरकारी स्कूल की जरूरत के लिए आगे आया सेवा संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल से मात्र 5 किमी की दूरी पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जामठी में 9वीं से लेकर 12 तक के करीब 265 बच्चे पढते है। इस स्कूल में बच्चों को बैठने के लिए मात्र चार ही कमरे उपलब्ध है, जिसमे अकेले कक्षा नवीं में ही 107 बच्चे दर्ज है। दर्ज संख्या ज्यादा होने के कारण सभी बच्चों को एक ही कमरे में बैठना पड़ रहा था। जिसके कारण बच्चों को कक्षाओं में बैठने तथा पढाने में दिक्कत होती रही थी। स्कूल प्रबंधन ने गत 30 जुलाई को पत्र देकर बताया कि विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में उपलब्ध कक्ष पर्याप्त नहीं है, अतिरिक्त कक्षाओं के साथ वाचनालय, कंप्यूटर कक्ष और अन्य उपयोगी कक्षाओं की आवश्यकता भी बताई गई। किन्तु मद में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण कमरे नहीं बना पा रहे थे।

विद्यार्थियों के हित में सतलोक आश्रम सेवा संस्था से मांगा सहयोग

अभिभावकों एवं प्रबंधन द्वारा, विद्यार्थियों के हित में निर्माण कार्य के लिए सेवा संस्था से सहयोग मांगा गया। इसके बाद बंदी छोड़ कबीर परमेश्वर सेवा समिति, सतलोक आश्रम की ओर से 31 जुलाई 2026 को जारी पत्र में बताया गया कि विद्यालय का स्थल निरीक्षण कर विद्यार्थी की संख्या, उपलब्ध अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं की जरूरत का परीक्षण किया गया, इसके बाद संस्था ने संत रामपाल महाराज के आदेशनुसार



विद्यार्थियों के हित में निर्माण कार्य पूर्णता निशुल्क कराने का निर्णय लिया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी , जिला बैतूल (समग्र शिक्षा अभियान) ने 8 अगस्त 2017 को स्वीकृती पत्र जारी कर शासकीय रिक्त भूमि पर नियमानुसार निर्माण कार्य करने की अनुमति दी। इसके बादबसतलोक आश्रम उड़दन द्वारा संस्था को 5 अतिरिक्त कमरे 20-20 फीट और इन कमरों के आगे 10-10 फीट का बरांडा, छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय और 1100 रनिंग फीट बाउंड्रीवाल के निर्माण की अनुमति दी गई। विभाग से स्वीकृति मिलने पर 14 अगस्त से कार्य प्रारंभ हुआ। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि निर्माण कार्य की गति को देखकर ऐसा लगता है कि 15 दिनों में यह बिल्डिंग पूर्ण होकर संस्था को हैंडओवर कर दी जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई को देखकर संस्था के सभी छात्र - छात्राएं तथा अभिभावक खुश है। स्कूल प्रबंधन ने संत रामपालजी महाराज द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद दिया।

नौ दिवसीय संजीवनी साधना के लिए शांतिकुंज हरिद्वार पहुंचे 15 साधक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

अखिल विश्व गायत्री परिवार मुलताई के 15 साधकों का जत्था नौ दिवसीय संजीवनी साधना के लिए शांतिकुंज हरिद्वार पहुंचा। साधक दक्षिण एक्सप्रेस से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर गायत्री परिवार के परिजनों ने पुष्पवर्षा कर साधकों को भावपूर्ण विदाई दी और उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। साधकों को विदाई देने वालों में यादोराव निंबालकर, गणपति गायकवाड़, किशोर देशमुख, प्रवीण देशमुख, रामराव साहू, रविंद्र खाड़े सहित गायत्री परिवार के अन्य परिजन मौजूद रहे। साधकों ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में 21 से 29 अगस्त तक नौ दिवसीय संजीवनी साधना का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वे पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माताजी के सूक्ष्म सानिध्य में आश्रम के निर्धारित नियमों के अनुसार साधना करेंगे। साधकों ने कहा कि नौ दिवसीय साधना के माध्यम से प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा को गुरु कार्य में लगाया जाएगा। उनका उद्देश्य पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों एवं सपनों को साकार करने के लिए कार्य करना है, ताकि मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बनाने के अभियान को गति दी जा सके।

बैठक में नगर विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई

नगर पालिका के विकास कार्यों की हुई समीक्षा, सीएमओ ने किया चौराहों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देश एवं नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर के मार्गदर्शन में सीएमओ बैतूल नवनीत पांडे द्वारा नगर पालिका के समस्त शाखा प्रभारियों के साथ विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा बैतूल नगर के विकास कार्यों को गति देने एवं बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आयोजित इस बैठक में नगर विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान शहर के विभिन्न चौराहों के चौड़ीकरण, नगर पालिका हॉल के कार्य की प्रगति, लल्ली चौक पर चल रहे निर्माण कार्य तथा गांधी चौक स्थित अंडरग्राउंड पार्किंग के कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई। इसके अलावा चौपाटी क्षेत्र में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। ओपन ऑडिटोरियम में लगभग पांच वर्षों से रिक्त



पड़ी आठ दुकानों की नीलामी नहीं होने तथा उनकी स्थिति लगातार खराब होने के संबंध में भी चर्चा हुई। इस संबंध में सीएमओ द्वारा तत्काल एडीएम मैडम से चर्चा कर आवश्यक अनुमति प्राप्त होने के पश्चात दुकानों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों के टेंडर एवं कार्यादेश की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित शाखा प्रभारियों को कार्यों में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए गए। कारगिल चौक पर हाईमास्ट लाइट लगाए जाने के कार्य की भी समीक्षा की गई। उक्त कार्य कल से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। कढ़ाई क्षेत्र में तैयार हो रहे कचरा डंपिंग ग्राउंड तक विद्युत व्यवस्था पहुंचाने के संबंध में सीएमओ द्वारा एमपीईबी के अधिकारियों से चर्चा की गई। साथ ही कड़ाई तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए किए गए आवेदन एवं उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी तकनीकी अधिकारियों से ली गई। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी ब्रजगोपाल परते से आगामी अतिक्रमण अभियान के संबंध में भी जानकारी ली गई। उनके द्वारा बताया गया कि कल कालापाठा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक के उपरांत सीएमओ द्वारा कोतवाली चौक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौराहे के चौड़ीकरण की आवश्यकता को देखते हुए संबंधित ठेकेदार को चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उक्त कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इसके पश्चात सीएमओ द्वारा कॉलेज चौक का भी निरीक्षण किया गया। कॉलेज चौक पर पिछले कई दिनों से सडक़ पर गड्ढों की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण आवागमन में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए तत्कालिक रूप से पेवर ब्लॉक एवं डस्ट डालकर सडक़ को आवागमन योग्य बनाया गया।

सीएमओ नवनीत पांडे ने बताया कि कॉलेज चौक का क्षेत्र डामरीकरण कार्य से संबंधित है। वर्तमान में डामर के रेट में अत्यधिक वृद्धि होने तथा डामर की उपलब्धता में कठिनाई के कारण चौराहे का डामरीकरण कार्य तत्काल कराया जाना संभव नहीं है। नागरिकों की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से सडक़ को आवागमन योग्य बनाया गया है। साथ ही सीएमओ द्वारा संबंधित ठेकेदार को कॉलेज चौक के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। चौड़ीकरण के पश्चात चौराहे के मध्य स्थित डामरीकरण से क्षतिग्रस्त हिस्से को सीसी रोड में परिवर्तित करने के निर्देश सीएमओ द्वारा संबंधित इंजीनियर को प्रदान किए गए।

सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि माननीय विधायक हेमंत खंडेलवाल की मंशानुसार नगर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से संबंधित विकास कार्यों में आवश्यक गति लाई जाए तथा नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नगर विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

खबर संक्षेप

23 को तिलक सिंदूर तक निकलेंगे कांवड़ यात्रा

माखन नगर । श्रावण माह में शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक रृतृतीय भव्य कांवड़ यात्राऱ का आयोजन ग्राम पंचायत गनेरा में किया जाएगा। इस यात्रा का शुभारंभ 23 अगस्त 2026, रविवार को सुबह 7:00 बजे चौकाघाट, गनेरा से होगा और यह यात्रा तिलक सिंदूर में जाकर संपन्न होगी। यात्रा के आयोजक एवं ग्राम पंचायत गनेरा के सरपंच श्री कृष्ण कुमार झा ने बताया कि यह 2 दिवसीय यात्रा होगी। यात्रा के दौरान कांवड़ियों के रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था इटारसी स्थित पीपलेश्वर धाम, मैरिज गार्डन में की गई है। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भक्तों के लिए प्रसाद, पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी शिव भक्तों, धर्मप्रेमी जनों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस पवित्र यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और पुण्य लाभ अर्जित करें। रहर हर महादेवऱ और बोल बम के जयकारों से गूंजने वाली यह यात्रा क्षेत्र में धार्मिक एकता और सद्भाव का संदेश देगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

पान की दुकान में चोरी का खुलासा, दो आरोपी को गिरफ्तार किया

बोरियों में गुटखा व पान मसाला बेचने की फिराक में पकड़ाए आरोपी

पान की दुकान में हुई चोरी के मामले में सोहागपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी गई। फिलहाल आरोपी पुलिस की अभिरक्षा में हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के मेन मार्केट स्थित पान की दुकान में हुई चोरी के मामले में सोहागपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,850 रुपये नकद सहित करीब 12,950 रुपये कीमत का सिगरेट, बीड़ी और गुटखा पाउच बरामद किया है।

टीआई गिरीश त्रिपाठी द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार गांधी वार्ड निवासी अरविंद चौरसिया ने पान की दुकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर थाना सोहागपुर में अपराध क्रमांक 488/26 के तहत धारा 331(4), 305(ग) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम् सांई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जमनी टोला निवासी अजय उर्फ गजनी पारधी और ललित पारधी दो बोरियों में गुटखा व सिगरेट लेकर बिक्री के लिए घूम रहे हैं।

की घेराबंदी

टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने आठ अगस्त की रात मेन मार्केट स्थित पान की दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी का मशरूका बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया।

ये हैं आरोपी

अजय चौहान उर्फ गजनी पारधी आयु 22 वर्ष निवासी जमनी टोला और ललित पारधी आयु 25 वर्ष निवासी जमनी टोला थाना सोहागपुर।आरोपियों से 2,850 रुपये नकद तथा करीब 12,950 रुपये कीमत का सिगरेट, बीड़ी और गुटखा पाउच बरामद किए गए हैं।

यह रही सफल टीम

कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, सउनि गणेश राय सहित पुलिसकर्मी विनोद नागर, संदीप चौधरी, अजय चौधरी, अफसर खान, नंदकिशोर, अजमेर, मनोहर दायमा, प्रकाश, सुनील ओझा एवं महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पचमढ़ी की सड़कें हुई बेहाल नागरिकों की सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



बारिश ओर मेले में चलने वाले वाहनों के लगातार आवागमन से सड़को की हालत बद से बदतर हो गई है। जो सड़क निर्माण की गुडवक्ता को दर्शाती है। कुछ माह पूर्व इन डामर की सड़कों का पेच वर्क सीसी। रेत सीमेंट बजरी से किया गया था। लाखो की लगत से बनी सड़के कुछ महीनों में गायब हो जाती है जो पीडब्ल्यूडी विभाग के लिए आम बात है। पचमढ़ी के सोशल मीडिया ग्रुप में पचमढ़ी की सड़क हास्य का विषय बन गई है।

आम चर्चा है कि पीडब्लूडी कार्यालय से मात्र 200 मीटर की दूरी पर गड्ढों वाली सड़क जो नवंबर 2025 में बनाई गई थी। जिसकी मात्र 9 माह में ही दुर्दशा हो गई। नवम्बर 2025 में पचमढ़ी के साडा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों का निर्माण ओर पेच वर्क का काम शुरू हुआ ओर एक वर्ष भी नहीं हुए ओर सड़कों की हालत जर जर हो गई। जो पीडब्ल्यूडी विभाग में कथित भ्रष्टाचार का संकेत देती है।

मूंग खरीदी की अंतिम तिथि आज अनेक किसान नहीं करा पाए तुलाई

तुलाई के लिए खरीदी केंद्रों पर लगी कतार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विकास खण्ड में लगभग पहले 2सेवा सहकारी समिति प्रबंधक को खरीदी सौंपी गई फिर अभी एक सप्ताह पहले ही लगभग 5 केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें एक केंद्र अम्रत प्रभा वेयरहाउस में खरीदी कराई जा रही है। जहां विगत वर्षों में प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। लेकिन अभी वर्तमान में भी वहां पर खरीदी हो रही है।

खरीदी की अंतिम दिनांक 20 अगस्त है। लेकिन देखने में आया कि सौरभ वेयरहाउस खिड़कियां में रोड पर 30 ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर लाइन लगी है। इसी तरह से शिखर वेयरहाउस रामपुर में भी लगभग 40 ट्रैक्टर परिसर में खड़े हैं। इस तरह से सभी केन्द्रों पर लाइन लगी है।

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा जिन किसानों की अंतिम दिनांक खरीदी कि निकल गई थी। उसे तो बढ़ा दिया गया है। लेकिन 2दिन में एक केंद्र पर लगभग 10 किंवटल मूंग है। तुलाई करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कांटे नहीं है। पर्ची बनाने के लिए आपरेटर कम है। सर्वर डाउन है। ऐसे में किसान का हित कैसे संभव है।

इस समस्या बढ़ती को लेकर तहसीलदार वैभव बैरागी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि 20तारीख को सभी किसानों की मूंग तुलाई कराकर ही खरीदी समाप्त होगी भले ही रात में भी तुलाई कराना होगा। फिलहाल प्रशासन द्वारा लगातार व्यवस्था बनाई जा रही है।

गाइडों ने चलाया बीफाल में सफाई अभियान, दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

इन दिनों पचमढ़ी के व्यू प्वाइंटो पर पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ रही। जिसके चलते बीफाल एवं अन्य व्यू पॉइंट्स पर भ्रमण पर आए पर्यटको द्वारा पानी की बोतल,चिप्स के खाली रैपर एवं अन्य कचरा बहुत अधिक एकत्र हो गया। बीफॉल में एस.टी.आर के गाइडों द्वारा बहुत अधित मित्र में एकत्र किया गया ओर कचरा वाहन के माध्यम से डप प्वाइट पर भजा गया। बाइसन लॉज प्रभारी नीलेश भट्ट को जानकारी लगी कि बीफाल के आस पास बहुत अधिक कचरा फैला हुआ है तो भट्ट ने गाईड ग्रुप के माध्यम से सभी गाइडों को सूचना दी ओर पर्यावरण के प्रति जागरूक गाइडों ने अपना श्रमदान कर बोरियो में कचरा एकत्र किया और अपने रोजगार के प्रति ईमानदारी एवं प्रकृति के प्रति अपने समर्पण का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया।

अधिक राजस्व वसूली के लिए शाखा प्रभारी को सम्मानित किया



पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में लगातार कार्य करने वाले कर्मचारियों को 15अगसत 2026को राष्ट्रीय पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष परतें मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय सहित सभी वार्डों के उपस्थित पार्षदों कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तिरंगा लहराते हुए सभी को बधाई देते हुए। कर्मचारियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक शाखा प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा के द्वारा लगातार 2026मे विभिन्न करो की बसूली में सबसे ज्यादा संख्या में 10लाख रुपए की बसूली करते हुए नगरपालिका परिषद के विकास में योगदान दिया गया।

राजस्व की सीमाओं को लेकर विधायक ने सीएम से भेंट की



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली के आसपास लगभग 11ग्रामो एवं पचमढ़ी नगर में इको सेंसेटिव जोन के कारण लोगों को हो रही परेशानी के संबंध में विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने मटकुली के निवासी व्यापारी वर्ग जसपाल सिंह होटल संचालक संजय दुबे बिंदास पाल रेवती पाल भगवान दास साहू सरपंच पिसुआ संजय राय टेका पार तीर्थ मल पिसुआ पवन पटेल सहित दर्जनों लोगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें समस्या से अवगत कराया गया। तथा निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। शायद पहली बार से।कि किसी विधायक ने इतनी अधिक संख्या में लोगों को साथ लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई गई। तथा समस्या बढ़ती देख चिंता जताई है।

विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बताया कि हमारा प्रयास है नागरिक के हित को शासन तक पहुंचा कर निराकरण कराया जावे। जनहित में समाधान आवश्यक है। मुख्यमंत्री के द्वारा संबंधित मामले में आसवासन दिया है।

265 को मिला कॅरियर मार्गदर्शन

नर्मदापुरम। बुधवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदापुरम स्थित संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में पहुंचकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं के चयन की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा चयनित युवाओं और शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कई बार युवाओं की क्वालिफिकेशन और कंपनियों की डिमांड के बीच अंतर होने के कारण रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई आती है। इसी तरह कई अभ्यर्थी इंटरव्यू के दौरान भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। कंपनी की मांग और युवाओं की योग्यता के बीच जो गैप है, उसे दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

सेंट पैट्रिक स्कूल में किया बीईओ व बीआरसी ने पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने एवं विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से सेंट पैट्रिक्स स्कूल सोहागपुर में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

सघन पौधारोपण कार्यक्रम में बीआरसी राकेश रघुवंशी, बीईओ राकेश उईके एवं बीएसी मैथिली पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पौधरोपण के महत्व तथा इसके दूरगामी परिणामों से अवगत कराया।

इस दौरान अन्य अतिथिगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, वीरेंद्र दुबे, सुब्रत ढाली, शुभम जैन सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

नगतरा में कीचड़ में गुम हुई सीसी रोड ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी



सोहागपुर। ग्राम नगतरा में ग्राम पंचायत ने सीसी रोड बनवाई थी। लेकिन यह सीसी रोड पूरी तरह से कीचड़ में गुम हो चुकी है। सीसी रोड के ठीक ऊपर कीचड़ जमा है जिसके कारण गांववासियों का आना जाना मुश्किल हो रहा है। मरीजों और स्कूली बच्चों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है।

शहर के कमर्शियल एरिया से नगर परिषद ने शुरू किया रात्रि में कचरा संग्रहण करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर नप द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमर्शियल एरिया से रात्रि में कचरा संग्रहण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया बाजार क्षेत्र को स्वच्छ रखने की मंशा से शुरू की गई है।

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानों के कचरे का नियमित संग्रहण कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए प्रतिदिन शाम को बाजार एवं दुकानों के बंद होने के समय से कुछ देर पहरे कचरा संग्रहण वाहन कमर्शियल क्षेत्र में भेजा जा रहा है। जिसमें बाजार क्षेत्र से कचरा संग्रहित किया जा रहा है। साथ ही व्यापारियों से भी कहा जाता है कि दुकान बंद करने के पहले जो कचरा संग्रहण वाहन आता है, चसमें में कचरा डालें। सड़क पर या दुकान के बाहर कचरा ना फेंकें। यदि कोई इस तरह की प्रक्रिया करते हुए पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। नप सीएमओ शर्मा ने व्यापारियों से अपील की है कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखें एवं नियमित ही कचरा नप के कचरा संग्रहण वाहन को दें।

प्रथम दिवस दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए

पॉलीटेक्निक इंजीनियरिंग विभाग ने छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान, सीहोर के पॉलीटेक्निक (इंजीनियरिंग) विभाग द्वारा अटल (एआईसीटीई प्रशिक्षण एवं अधिगम) अकादमी के अंतर्गत छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन 17 से 22 अगस्त तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ब्लॉक-01 स्थित सीआईडीसी कक्ष, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर ने विशेषज्ञ अतिथि डॉ. एस. सुरेश का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों एवं उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित नवीनतम ज्ञान प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों, नवाचार एवं उभरते तकनीकी क्षेत्रों से जोड़ते हुए उनके ज्ञान एवं कौशल को और अधिक सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में स्मार्ट ग्रिड एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की मूलभूत अवधारणाएं तथा द्वितीय सत्र में ऊर्जा संक्रमणः पारंपरिक प्रणालियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट प्रणालियों की ओर विषय पर प्रतिभागियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. एस. सुरेश, प्रोफेसर, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल ने स्मार्ट ग्रिड, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, ऊर्जा संक्रमण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट प्रणालियों की उपयोगिता एवं संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मैरूंदा। ग्राम गोरखपुर में सोमवार को ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ समाजसेवक गोपाल पटेल तथा युवा समाजसेवक पंकज जाट का जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद दोनों का साफा बांधकर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया तथा फूलमालाएं पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में कन्या भोज और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया,



जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सरपंच गोरखपुर शफी मोहम्मद एवं मित्र मंडल की ओर से किया गया। इस दौरान गोपाल पटेल ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिले प्रेम और स्नेह से वे अभिभूत हैं। ग्रामीणों का यह सम्मान उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए नई ऊर्जा देता है। युवा समाजसेवक पंकज जाट ने भी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि किशोरी उइके, जनपद प्रतिनिधि राजेश इवने, उप सरपंच नसीम खान, सरदार खां, रामचंद्र पटेल, संतोष जाट, शेर मोहम्मद, ओम प्रकाश पटेल, हरिओम मीणा, सलीम खां, खुमान सिंह, महेश सरियाम, अनूप उइके, देवी सिंह कामले, अंसार खान, साबिर खां सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

संत शिरोमणि रविदास की जन्म जयंती पर समरसता संकल्प अभियान और यात्रा

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के साथ ही जिले में उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा" आयोजित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत जिला एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित होंगी। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार यात्रा के आयोजन के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि 20 अगस्त को सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कलश वंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

खबर संक्षेप



किशोरी बालिकाओं ने किया एक्सपोजर विजिट

हरदा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना खिरकिया द्वारा बुधवार को चिन्हांकित किशोरी बालिकाओं के लिए एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। एक्सपोजर विजिट के दौरान किशोरी बालिकाओं को तहसील कार्यालय खिरकिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया, भारतीय स्टेट बैंक खिरकिया एवं पुलिस थाना छीपाबड़ का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बालिकाओं को संबंधित शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली एवं उनके द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बालिकाओं ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली को समझने में विशेष रुचि दिखाई तथा संस्थाओं से संबंधित अनेक जिज्ञासाएं एवं प्रश्न पूछे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस प्रकार एक्सपोजर विजिट के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

24 घंटों में जिले में 3.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 3.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.5 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 1.6 मि.मी., सिराली में 10 मि.मी. तथा रहटगांव में 4.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 614.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 641.3 मि.मी., टिमरनी में 642.2 मि.मी., खिरकिया में 687 मि.मी., सिराली में 558.3 तथा रहटगांव में 544.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 19 अगस्त तक 731.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

21 कृषि विस्तार अधिकारी तीन दिन से हड़ताल पर

हरदा। कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने ई-अटेंडेंस और अन्य ऑनलाइन कार्यों के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। प्रांतीय आह्वान पर जिले के सभी 21 कृषि विस्तार अधिकारी पिछले तीन दिनों से कृषि विभाग कार्यालय में हड़ताल पर हैं। संघ का कहना है कि उनकी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। संघ की प्रमुख मांगों में कृषि विस्तार अधिकारियों को ऑलफटर/ई-अटेंडेंस व्यवस्था से पूरी तरह मुक्त रखना शामिल है। इसके अलावा 2800 ग्रेड पे लागू करने और अतिरिक्त भत्ते को 500 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रति माह करने की मांग की जा रही है। कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि उनका अधिकांश काम किसानों के बीच मैदानी स्तर पर होता है। किसानों की सुविधा के अनुसार उन्हें सुबह या शाम गांवों में जाना पड़ता है। ऐसे में कार्यालय आधारित निश्चित समय के अनुसार ई-अटेंडेंस व्यवस्था उनके लिए अव्यावहारिक है। एक अधिकारी के जिम्मे 10 से 20 पंचायतें होती हैं, जो कई किलोमीटर दूर स्थित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण भी ई-अटेंडेंस लगाने में तकनीकी दिक्कतें आती हैं। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि में मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 21 अगस्त 2026 से राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। हड़ताल के कारण किसानों से जुड़ी कुछ सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। संघ ने महिला कृषि विस्तार अधिकारियों की कार्य परिस्थितियों का मुद्दा भी उठाया है। संगठन के अनुसार विभाग में करीब 50 प्रतिशत महिला कर्मचारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में काम के दौरान उनके लिए बैठने और बच्चों को फीडिंग कराने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। संघ ने महिला कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

14, 17 व 19 वर्ष बालक और बालिकाओं ने भाग लिया

ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के इनडोर स्टेडियम हरदा में ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में 150 बालक बालिकाओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले में जगह बनाई। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष बालक एवं बालिकाओं हेतु ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शासकीय अशासकीय स्कूल से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उदघाटन ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, बैडमिंटन कोच विनोद यादव, खेल विभाग के सहायक ग्रेड लेखापाल राजेंद्र वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान वान्या जाट, द्वितीय स्थान माही मोरछाले, तीसरा स्थान अवनी सोनी व चतुर्थ स्थान कृतिका शर्मा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में प्रथम स्थान हितार्थ पटेल, द्वितीय स्थान कार्तिक लोहनी, तीसरा स्थान रिजवान खान व चतुर्थ स्थान गर्व जैन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रौनक चौरे, दूसरा स्थान गौरी वशिष्ठ, तीसरा स्थान गौरांसी श्रीवास व चतुर्थ स्थान आंशिक जाट ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रखर शर्मा, दूसरा स्थान सजल मुकाती, तीसरा स्थान अनमोल राखियां व चतुर्थ स्थान केशव शर्मा एवं प्रांशु बरखे ने प्राप्त किया। इसके अलावा 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनन्या पटेल, दूसरा स्थान प्रियांशी भाटी, तीसरा स्थान मिस्टी धामनानी व चतुर्थ स्थान जयश्री किर ने प्राप्त किया। बैडमिंटन 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रीत पटेल, दूसरा स्थान लक्ष्य नेगी, तीसरा स्थान आदर्श भाटी व चतुर्थ स्थान अभय पुरोहित ने प्राप्त किया। सुश्री खान ने बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन 24 अगस्त को आयोजित होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में भूपेंद्र सिंह तोमर, रोनित राठौड़, अनीता मिश्रा, योगेन्द्र स्वामी, दर्शन खोरे, नितिन रामकुचे, गौतम विश्वकर्मा, मनीष प्रजापति व विवेक प्रजापति सहित सभी खेल प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

मुस्लिम समाज ने यूसीसी के विरोध में ज्ञापन दिया

विधेयक से धार्मिक व व्यक्तिगत कानून प्रभावित होने की आशंका जताई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बुधवार को मुस्लिम समाज ने मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2026 के विरोध में कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने विधेयक को मौजूदा रूप में वापस लेने या उस पर रोक लगाने की मांग की। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि विधेयक से उनके धार्मिक और व्यक्तिगत कानून प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और वसीयत से जुड़े नियमों पर आपत्ति जताई। समाज ने कहा कि विधेयक में एक से ज्यादा विवाह पर रोक, विवाह का पंजीकरण, कुछ रिश्तों में शादी पर रोक और तलाक की कानूनी प्रक्रिया जैसे नियम हैं। फर्स्ट कजिन से शादी पर रोक के प्रावधान पर भी आपत्ति जताई गई है। ज्ञापन में समाज ने संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25, 26 और 29 का हवाला दिया। उनका कहना है कि इन अनुच्छेदों में नागरिकों को समानता, व्यक्तिगत और धार्मिक अधिकार दिए गए हैं। इससे संविधान को भी खतरा है।

समाज ने कहा कि वउउ लागू करने से पहले सभी धर्मों के लोगों, कानून के जानकारों और प्रभावित पक्षों से चर्चा की जानी चाहिए। शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद रिजवान ने विधेयक को मौजूदा रूप में वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अगर अनुसूचित जनजातियों को उनके पारंपरिक कानूनों के आधार पर छूट दी जाती है, तो धार्मिक और व्यक्तिगत कानूनों से जुड़े समुदायों के अधिकारों पर भी विचार होना चाहिए।

जिले की 91012 लाड़ली बहनाओं को मिला योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विवेक शर्मा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हरदा अंतर्गत 91012 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1500 रूपये प्रति हितग्राही की दर से कुल 13,36,35,200 रूपये की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही रक्षाबंधन के विशेष अवसर पर 250 रूपये प्रति हितग्राही की दर से 91155 हितग्राहियों को 2,27,88,750 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत हरदा के 23077, जनपद पंचायत खिरकिया के 22336, जनपद पंचायत टिमरनी के 25188, नगर पालिका हरदा के 11462, नगर परिषद खिरकिया के 3444, नगर परिषद सिराली के 2239 तथा नगर परिषद टिमरनी के 3266 हितग्राहियों को 1500 रूपये प्रति हितग्राही की दर से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार रक्षाबंधन के विशेष अवसर पर जनपद पंचायत हरदा के 23120, जनपद पंचायत खिरकिया के 22365, जनपद पंचायत टिमरनी के 25231, नगर पालिका हरदा के 11475, नगर परिषद खिरकिया के 3451, नगर परिषद सिराली के 2241 तथा नगर परिषद टिमरनी के 3272 हितग्राहियों को 250 रूपये प्रति हितग्राही की दर से राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर जिला एवं परियोजना स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मैहर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएँ उपस्थित रहीं।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया

हरदा। पुलिस अधीक्षक शशांक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किये है। उन्होने थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 385/2025 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. में फरार आरोपी महेश पिता भैयालाल माछया निवासी बड़कच थाना टांडा जिला धार की तलाश एवं पतारसी हेतु 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 398/2026 धारा 108, 3(5) बी.एन.एस. 3(2) एसटी/एससी एक्ट में फरार आरोपियों स्वतंत्र शर्मा, कार्तिक पिता बालकृष्ण अग्रवाल रामकुमार पिता हृदयराम बांके, इमरान उर्फ सोनू पिता रजाक खान, शेरसिंह उर्फ शेरा ठेकेदार पिता सालिगराम कौशल सभी निवासी टिमरनी की गिरफ्तारी हेतु 5 हजार रूपये तथा थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 428/2025 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. इजाफा धारा 317(2) बी.एन.एस. में फरार आरोपी मोनू सोलंकी पिता एवलाल सोलंकी निवासी धावडाघाट थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम् की तलाश एवं पतारसी हेतु 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा थाना कोतवाली हरदा के एसटी/02/2025 अपराध क्रमांक 589/2015 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में फरार स्थाई वारंटी दिनेश पिता गोपाल अजनेरे उम्र 29 वर्ष निवासी मुगलईपुरा वार्ड क्रमांक 02 परतवाड़ा जिला अमरावती महाराष्ट्र तथा थाना कोतवाली जिला हरदा के एसटी/02/2025 अपराध क्रमांक 589/2015 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में फरार स्थाई वारंटी रंगलाल उर्फ रंगी सेठ पिता सुखलाल पंडे उम्र 70 साल निवासी गणेश नगर वार्ड क्र 142 परतवाड़ा जिला अमरावती महाराष्ट्र की गिरफ्तारी व पतारसी हेतु 3-3 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की गई है।

एसडीओपी बोली नियमानुसार कार्रवाई की जा रही

सुअर पकड़ने गई नगरपालिका टीम पर महिलाओं ने किया लाठियों से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सुअर पकड़ने गई नगर पालिका की टीम पर महिलाओं ने लाठियों से हमला कर दिया। जिस पिकअप वाहन में सुअरों को पकड़कर ले जाया जा रहा था, उससे जानवरों को निकालकर भगा दिया। हालात इतने खराब हो गए पुलिस के सामने ही महिलाओं और नपा टीम के लोगों में हाथापाई की नौबत तक आ गई।

बुधवार सुबह श्रीधाम कॉलोनी में नगर पालिका की टीम सुअर पकड़ने पहुंची थी। दरअसल इंदौर से आई नगर पालिका की टीम सुअर पकड़ने का काम कर रही थी। इसी दौरान कुछ महिलाएं हाथों में लाठियां लेकर वहां पहुंचीं और टीम पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पुलिस बल महिलाओं के सामने असहाय नजर आया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकारियों को महिला पुलिस बुलाने के लिए कहा था, लेकिन आधे घंटे तक महिलाएं हंगामा करती रहीं और कोई महिला पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद महिलाएं सभी सुअरों को छुड़ाकर वहां से चली गईं।

घटना के बाद नगर पालिका और इंदौर से आई टीम कोतवाली थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि नगर पालिका ने शहर में सुअर पकड़ने के लिए इंदौर से एक टीम बुलाई थी, जिस पर कुछ सुअर पालकों और महिलाओं ने हमला किया है। एसडीओपी ने बताया कि नगर पालिका सीएमओ ने शासकीय कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने की शिकायत की है। इस आधार पर वीडियो फुटेज की मदद से हमला करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस की मौजूदगी में हुई मारपीट को लेकर उन्होंने कहा कि जवानों ने महिलाओं को रोकने का प्रयास किया, लेकिन महिला होने के कारण उन पर जवाबी कार्रवाई नहीं की गई।

छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर व प्रोत्साहन राशि से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने और अपने क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत सीढ़ी है। इसलिए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

यह आयोजन, शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया था। छात्राओं को प्राचार्य आरडी अंब ने संबोधित किया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लविश भाटिया और शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

मल्लिकार्जुन के अपमान को लेकर नाराजगी

शहर यूथ कांग्रेस के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के अपमान तथा उनके कार्यक्रम के बाद मंच का तथाकथित शुद्धीकरण किए जाने के विरोध में खरगोन अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी एवं शहर यूथ कांग्रेस के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह घटना केवल मल्लिकार्जुन खड़गे का अपमान नहीं, बल्कि अनुसूचित जाति समाज, सामाजिक समानता और भारतीय संविधान की मूल भावना का भी गहरा अपमान है। इस कार्यक्रम में कसरावद विधायक प्रतिनिधि अनिल यादव , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परशुराम यादव, महेश्वर विधायक एवं पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ, विधायक केदार डावर , खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नायक, शहर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष तैय्यब अली बोहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष नितेश आड़तिया, ब्लॉक अध्यक्ष मिथुन बगलाना जी, कसरावद ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पिपलदे , बंस सिंह चौहान , महेश्वर विधानसभा अध्यक्ष, डॉक्टर हीरवे, ग्रामीण अध्यक्ष शुकलाल सावले , एसवंत सावले, शारुख मिर्जा, अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश खांडे, संतोष पगारे, संतोष चौहान आदि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रथम नगर आगमन पर करेगी स्वागत

20 को गृह जिले आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की कार्यकारिणी में खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्रसिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने के बाद 20 अगस्त को सांसद पटेल का प्रथम नगर आगमन होगा। सांसद के राष्ट्रीय महामंत्री के रुप में पहली बार संसदीय क्षेत्र में आगमन को यादगार बनाने के लिए जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कल्याण अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत डंडीर, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, जिला उपाध्यक्ष डॉ. बद्री पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, आईटी सेल जिला संयोजक शुभम जायसवाल आदि ने सांसद के स्वागत-सत्कार सहित आयोजित होने वाली सभा तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में बताया सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री पटेल का स्वागत उत्सव के रुप में होगा। शहर को बैनर-पोस्टरों और स्वागत मंचो से भी सजाया जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया राष्ट्रीय महामंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में अद्भुत उत्साह एवं उमंग है। सभी अपने माटी के लाल के स्वागत के लिए तैयार हैं। सांसद के जिले में प्रवेश को लेकर भाजपा जिला कार्यकारिणी ने अपने नए राष्ट्रीय महामंत्री का सम्मान करने के लिए बड़े समारोह की तैयारी की है। यह समारोह भाजपा कार्यालय में होगा। सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री पटेल के 20 अगस्त जिले की सीमा में प्रवेश के साथ ही स्वागत-सत्कार का दौर शुरु होगा, जो महेश्वर, मंडलेश्वर, कसरावद होते हुए जिला मुख्यालय पर करीब 3 बजे पहुंचेगे। बैठक में वरिष्ठ नेता चंदर सिंह वास्कले, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र को भी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है।

विद्यार्थियों की सुविधाओं व शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने विद्यार्थियों के हित से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को सामने रखते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने मांग रखी महाविद्यालय में बस सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाए, जिससे दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। महाविद्यालय परिसर में बाहरी तत्वों के अनावश्यक प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई, ताकि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण बना रहे। परिषद ने महाविद्यालय में सभी कक्षाओं का नियमित एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। परिषद का कहना है कि कक्षाओं के नियमित संचालन से विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा होगा और उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। प्रैक्टिकल की संपूर्ण आवश्यक सामग्री महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के लिए बाहर से अपने खर्च पर सामग्री लाने की व्यवस्था को समाप्त किया जाए तथा महाविद्यालय स्तर पर आवश्यक सामग्री एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी बिना अतिरिक्त आर्थिक भार के अपना प्रैक्टिकल कार्य पूर्ण कर सके। महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का प्रमुख केंद्र है। इसलिए विद्यार्थियों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जाना आवश्यक है। परिषद ने प्राचार्य से सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आग्रह किया। ज्ञापन महाविद्यालय अध्यक्ष सचिन वर्मा द्वारा सौंपा गया। इस दौरान नगर सह मंत्री भूमिका सोलंकी, अनुराग, ऋषिका, शिवम एवं प्रांत सह मंत्री निर्मल चौहान सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।